आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 03.11.2025 समय : 18.30 पीएम

- जयपुर में आज एक भीषण सड़क हादसे में 14 लोगों की मृत्यु–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाई।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बना–देश में डीपटैक स्टार्टअप्स की संख्या 6 हज़ार से अधिक हुई।
- प्रदेश में कल से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बीएलओ घर–घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे।
- राज्य में आज पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर मौसम का मिज़ाज बदला।

000

जयपुर में आज एक भीषण सड़क हादसे में 14 लोगों की मृत्यु हो गई। यह हादसा हरमाड़ा स्थित लोहा मंडी क्षेत्र में एक अनियंत्रित डंपर द्वारा कई वाहनों को टक्कर मारने से हुआ। इस दुर्घटना में कई लोग घायल हुए हैं। जयपुर पश्चिम के पुलिस उपायुक्त हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि तेज गति से जा रहे डंपर के ब्रेक फेल होने के कारण यह भयानक दुर्घटना हुई। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को तुरंत हिरासत में ले लिया, जिसका मेडिकल परीक्षण करवाया जा रहा है। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने जानकारी दी कि घायलों को तुरंत कांवटिया अस्पताल पहुँचाया गया, जबकि पाँच गंभीर घायलों को एसएमएस अस्पताल रैफर किया गया है।

000

प्रत्यक्षदर्शी मदन सिंह शेखावत के अनुसार, एक्सीडेंट का दृश्य बड़ा भयावह था। डंपर वाले ने सबसे पहले एक कार को टक्कर मारी, फिर सामने आये लोगों और वाहनों को रौंदता हुआ चला गया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों के लिए 2–2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50–50 हजार रुपये देने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस घटना पर गहरा शोक जताते हुए अधिकारियों को घायलों के यथोचित उपचार के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर भी हालात और इलाज के इंतजामों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बढ़ते सड़क हादसों के मद्देनजर अब से थोड़ी देर में उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है।

000

फलौदी में भारतमाला एक्सप्रेसवे पर कल शाम हुई भीषण बस दुर्घटना के बाद प्रशासन ने आज एक्सप्रेस–वे के किनारे अवैध रूप से चल रहे ढाबों और होटलों को हटा दिया है। आज परिवहन विभाग और जिला प्रशासन की टीम ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर भी सख्त कार्रवाई की। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि एक्सप्रेस–वे पर किसी भी तरह की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अब तकनीक का सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि यह प्रौद्योगिकी परिवर्तन का नेता बन चुका है। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में उभरते विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विश्व के सबसे अधिक सफल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को देश में निर्मित किया गया है।

000

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में नवाचार का आधुनिक तंत्र निर्मित करने के लिए अनुसंधान को सुगम बनाने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बन चुका है। उन्होंने बताया कि देश में 6 हजार से अधिक डीपटैक स्टार्टअप्स हैं।

000

सर्वोच्च न्यायालय सात नवम्बर को आवारा कुत्तों के मामले में फैसला सुनाएगा। तीन न्यायाधीशों न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एन.वी.अंजारिया की विशेष खंडपीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई के दौरान अधिकतर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव पीठ के समक्ष उपस्थित हुए।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आज जयपुर में अनाथ और बेसहारा बच्चों के लिए स्थापित बाल आश्रम' में बच्चों से संवाद किया। राज्यपाल ने बच्चों को खूब पढ़ने और जीवन में लगातार आगे बढ़ने का आह्वान किया। श्री बागड़े ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं, इसलिए उनके विकास के समान अवसरों के लिए समाज को मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना की और बच्चों को उपहार वितरित किए। श्री बागडे ने निराश्रित बच्चों के चारित्रिक और बौद्धिक विकास पर सतत कार्य करने पर भी जोर दिया।

000

राज्य में कल से विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बीएलओ घर–घर जाकर सर्वेक्षण का काम शुरू करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि 4 दिसम्बर तक की यह अवधि काफी अहम है, क्योंकि इसमें राज्य के सभी बीएलओ मतदाताओं के घर–घर पहुंचकर मतदाताओं से 2 प्रतियों में गणना प्रपत्र भरवाएंगे, जिसमें से एक प्रति रसीद के तौर पर मतदाता के पास ही रहेगी। श्री महाजन ने बताया कि प्रदेश में 2025 की वर्तमान मतदाता सूची के अनुसार 5 करोड़ 48 लाख 84 हजार से ज्यादा मतदाता हैं। इनकी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा गणना प्रपत्र भरवाकर जांच की जानी है।

000

भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में राज्य के अलग अलग जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। डूंगरपुर में राज्य स्तरीय कला शिविर आयोजित किया गया, जबकि जयपुर और भरतपुर के स्कूलों में विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुण्डा के व्यक्तित्व और कृतित्व से परिचित कराया गया। साथ ही भाषण, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताएँ हुईं।आगामी 6 नवम्बर को राजीविका के सहयोग से खिलौना निर्माण कार्यशालाएं आयोजित होंगी, जिसका उद्देश्य वंचित वर्गों को स्वरोजगार से जोड़ना है।

000

पाली जिले में गृह विभाग द्वारा आज पुलिस को मोबाइल फोरेंसिक यूनिट वैन प्रदान की गई है।यह वैन 12 तरह के किट से सुसज्जित है, जिसकी मदद से अब पुलिस घटनास्थल पर ही ब्लड सैंपल, सीमेन सैंपल, नारकोटिक्स, फिंगरप्रिंट और फुटप्रिंट जैसे साक्ष्य आसानी से और कम समय में एकत्रित कर सकेगी, जिससे किसी भी तरह की जाँच कम समय में हो जाएगी। इस आधुनिक सुविधा से आपराधिक मामलों की वैज्ञानिक जाँच में तेजी आएगी।

000

राज्य की विभिन्न कृषि उपज मंडियों में विकास कार्यों के लिए लगभग साढ़े 13 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गयी है। स्वीकृत राशि से श्रीगंगानगर की अनूपगढ़, बीकानेर की पूगल रोड–अनाज और टोंक की मालपुरा जैसी मंडियों में मंडी यार्ड बनाने के साथ ही बिजली और संपर्क सड़कों का काम करवाया जाएगा।

000

सीबीआई द्वारा आज पाली और श्रीगंगानगर के रेलवे स्टेशनों पर जन जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्यूरो की टीम ने आमजन से संवाद कर केंद्र सरकार के कार्यालयों में रिश्वतखोरी, अवैध लाभ की मांग और अनावश्यक लंबित कार्यों से संबंधित शिकायतें दर्ज कीं। पाली में सीबीआई के सब इंस्पेक्टर नित्यरंजन डे ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य भ्रष्टाचार निरोधक कानूनों के प्रति आमजन को जागरूक करना और प्राप्त शिकायतों पर उचित कार्रवाई के लिए आवश्यक प्रयास करना है।

000

प्रदेश में आज पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर मौसम का मिजाज बदल गया। चित्तौड़गढ़ में सुबह–सुबह इस मौसम का पहला कोहरा छाया रहा, हालाँकि यह जल्दी ही छट गया, जिसके बाद हल्की बरसात हुई। वहीं, पाली, जालोर और बाड़मेर जिलों में दोपहर बाद आसमान में काली घटाएँ घिर आईं और हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। किसानों का मानना है कि यह बरसात रबी की फसलों की बुवाई के लिए फायदेमंद साबित हो रही है, लेकिन खलिहानों में रखी खरीफ की फसलों को नुकसान

पहुंचने का अंदेशा है। हमारे बाड़मेर संवाददाता ने बताया कि मौसम में आए इस बदलाव और तापमान में गिरावट के कारण क्षेत्र में ठंड का अहसास बढ़ गया है।

-

000

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश में आगामी 7 नवम्बर से विशेष उत्सव की शुरुआत हो रही है। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम जयपुर के एस.एम.एस. स्टेडियम में आयोजित होगा। इस दौरान सभी शिक्षण संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस और सामाजिक संगठनों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की गई है। मुख्य आयोजनों में भव्य सामूहिक 'वंदे मातरम्' गायन, 50 हजार तिरंगा झंडों का वितरण और महापुरुषों पर प्रदर्शनी प्रमुख हैं। साथ ही सामूहिक गायन, प्रभात फेरी और रक्तदान शिविर भी आयोजित होंगे।

000